गुरुग्राम
बुधवार
15 मार्च, 2023
वर्ष 11, अंक 72
पृष्ठ 08
मूल्य ₹1.00

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# ह्यूमन इंडिया
हम बनेंगे आपकी आवाज




Website : www.epaperhumanindia.in ; E-mail : humanindiadaily@gmail.com  डा. वैदिक का जाना पत्रकारिता व वैश्य समाज के लिए निजी क्षति: अशोक

# अग्रवाल महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा मनाया गया इंटरनेशनल पाई डे

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में 14 मार्च 2023 को गणित विभाग के तत्वाधान में इंटरनेशनल डे ऑफ मैथमेटिक्स एवं इंटरनेशनल पाई डे मनाया गया द्य महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी के निर्देशन एवं कुशल मार्गदर्शन में इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए रंगोली प्रतियोगिता एवं पाई दौड़ आयोजित की गई द्य गणित विभागाध्यक्ष डॉ. के.एल. कौशिक जी इस कार्यक्रम में संयोजक रहे तथा उन्होंने गणित के क्षेत्र में पाई की उपयोगिता के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया द्य रंगोली प्रतियोगिता में कुल 5 टीम रही द्य जिनमे प्रथम स्थान पर नेहा, आँचल (एमएससी प्रथम वर्ष), दूसरे स्थान




पर मानसी, करिश्मा (बीएससी मैथ्स ऑनर्स तृतीय वर्ष), तीसरे स्थान पर भावना (बीएससी मैथ्स ऑनर्स द्वितीय वर्ष) तथा भावना (एमएससी मैथ्स द्वितीय वर्ष) रही द्य तथा पाई दौड़ में चार टीमों ने भागीदारी दिखाई जिसमें विजेता टीम आर्यभट्ट (मानसी, करिश्मा, ज्योति, कंचन, करुणा, माही व तनु) रही द्य इस कार्यक्रम में आयोजन सचिव श्रीमती प्रिया अरोड़ा, डॉ. ममता ठाकुर, दीपांजलि रही तथा समन्वयक की भूमिका श्रीमती नेहा गोयल, पूनम गुप्ता ने निभाई द्य इस अवसर पर गणित विभाग की प्रवक्ता डॉ. गीता त्रिपाठी, श्रीमती रेनू बाला एवं श्री नरेंद्र उपस्थित रहे द्य विद्यार्थियों को इनाम देकर पुरस्कृत किया जाएगा द्य यह एक सफल आयोजन रहा।